संख्या– 708 /33–3–2022

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव,
पंचायती राज विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1– समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

2–समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पंचायती राज अनुभाग–3 लखनऊ, दिनांक 21 अप्रैल, 2022

विषयः दिनांक 24 अप्रैल, 2022 को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के अर्द्धशासकीय पत्र संख्या– डी. ओ. एन–11019/23/2021–गवर्नेन्स, दिनांक 08 अप्रैल, 2022 **(प्रति संलग्न)** का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष 24 अप्रैल को **राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस** के आयोजन एवं आजादी की 75वीं वर्षगॉठ में इस आयोजन को और भी विशिष्ट रूप से आयोजित किये जाने की अपेक्षा की गई है। इस सम्बन्ध में निदेशक, पंचायती राज के पत्र संख्या–5/158/2022–5/27/2021, दिनांक 19.04.2022 द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु कार्यवाही का अनुरोध किया गया है।

2– आगामी 24 अप्रैल, 2022 को मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा ग्राम पंचायत पाली, जनपद साम्बा, जम्मू कश्मीर में आयोजित ग्राम सभा की बैठक में प्रतिभाग किया जाएगा एवं इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के बेवकास्ट को समस्त देश में विशेष ग्राम सभाओं के आयोजन में प्रसारित किया जाएगा, जिसे प्रत्येक पंचायत में देखे जाने की व्यवस्था की जाएगी।

3– उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु निम्नलिखित कार्यवाही की जाएगी :–

(i) पंचायतों में 24 अप्रैल, 2022 के राष्ट्रीय कार्यक्रम का प्रसारण को देखे जाने की व्यवस्था की जाए एवं इससे सम्बन्धित बैठक आयोजित की जाए। कार्यक्रम के वेबकास्ट लिंक https://pmevents.ncog.gov.in/ पर पंजीकृत कराते हुए दिनांक 24.04.2022 को समारोह में प्रातः 11:30 बजे अपरान्ह प्रतिभाग किया जाएगा।

(ii) किसी एक बैठक में मा0मंत्रीगण/सांसद/विधायक/जिला पंचायत अध्यक्ष एवं क्षेत्र पंचायत प्रमुखों एवं विशिष्ट जनप्रतिनिधिगणों के साथ राज्य/जनपद एवं विकास खण्ड स्तर के अधिकारियों/कर्मियों द्वारा निश्चित रूप से प्रतिभाग किया जाएगा। इस हेतु मा0 जनप्रतिनिधिगण को निर्धारित अवधि से पूर्व बैठक में प्रतिभाग करने हेतु आमंत्रित किया जाए।

(iii) दिनांक 24 अप्रैल, 2022 को प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा की विशेष एवं सुनियोजित आयोजन से सम्बन्धित विवरण को लिंक–"https://meetingonline.gov.in" पर अपलोड किया जाये।

(iv) उक्त दिवस में आयोजित ग्राम सभा में पंचायत स्तर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद–विवाद प्रतियोगिताएं एवं चर्चा सतत विकास लक्ष्यों पर आधारित होगी।

(v) पंचायत सशक्तीकरण पुरस्कार, 2022 से प्रदेश की कुल 23 ग्राम पंचायत, 03 क्षेत्र पंचायत एवं 02 जिला पंचायतों को सम्मानित किया गया है। उक्त पंचायतों को सम्मानित जनप्रतिनिधिगण के माध्यम से उक्त प्राप्त पुरूस्कारों को प्रदान किया जाएगा।

4– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 24.04.2022 राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर उक्तानुसार व्यवस्था सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

<u>संलग्नकः उक्तानुसार।</u>

भवदीय,

Manoj 21.4.22

(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक–तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को उनके अर्द्धशासकीय पत्र संख्या–डी.ओ. एन–11019/23/2021–गवर्नेन्स, दिनांक 08 अप्रैल, 2022 के क्रम में।
2. निदेशक, पंचायती राज, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त मण्डलीय उपनिदेशक(पंचायत), उत्तर प्रदेश।
5. उपनिदेशक, जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक, उ0प्र0।
6. समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
7. समस्त अपर मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायत, उ0प्र0।
8. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, उ0प्र0।
9. समस्त प्रधानगण एवं सचिव, समस्त ग्राम पंचायत, उ0प्र0।
10. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

Manoj

(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव।